www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 27, 2010 Shift 1 Psychology Question Paper

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ______________________
   (Name) ______________________
2. (Signature) ______________________
   (Name) ______________________

OMR Sheet No. : ....................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.______________________________
(In words)

**J 0 4 1 0**

**Test Booklet No.**

Time : **1** $^{1}/_{4}$ hours]

**PAPER-II**
**PSYCHOLOGY**

[Maximum Marks : **100**

| Number of Pages in this Booklet : **16** | Number of Questions in this Booklet : **50** |
|---|---|

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered in the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका की क्रम संख्या OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।**

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PSYCHOLOGY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions. There is only one correct answer in each question.

**1.** Which of the following cannot be inferred from correlations ?
(A) Cause and effect relationship
(B) Covariance between variables
(C) Direction of relationship
(D) Percentage of explained variance

**2.** Experimental and Quasi Experimental cannot be distinguished on the basis of
(A) Manipulation of independent variable.
(B) Random assignment of subjects to experimental conditions.
(C) Studying causal relationship.
(D) Applying statistical analysis.

**3.** Which of the following tests assumes the sample size to be large ?
(A) Chi-square test
(B) Kalmogrov-Smirnove test
(C) Run-test
(D) None of these

**4.** Match List – I with List – II.

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Experiment | 1. Structured V/s Unstructured |
| (b) Interview | 2. Participant V/s Non-participant |
| (c) Observation | 3. Etic V/s Emic |
| (d) Cross-cultural studies | 4. True V/s Quasi |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**5.** **Assertion (A) :** We cannot remember all the experiences as they are not organised.

**Reason (R) :** We can remember the effects of experiences as they are organized.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the reason of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is <u>not</u> the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**6.** The hemisphere involved in the perception and expression of negative emotions.
(A) Right hemisphere
(B) Left hemisphere
(C) Both Right and Left hemisphere
(D) Left or Right hemisphere depends upon intensity

**7.** Which is the content theory of motivation ?
(A) Equity theory
(B) Goal setting theory
(C) Needs Hierarchy theory
(D) Valence-Expectancy theory

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# मनोविज्ञान

## प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न में केवल एक उत्तर ही सही है ।

**1.** सहसम्बन्धों से निम्नांकित में से किसका अनुमान नहीं लगाया जा सकता है ?

(A) कारण एवं परिणाम सम्बन्ध
(B) दो चरों के बीच सहप्रसरण
(C) सम्बन्ध का निर्देशन
(D) सुस्पष्ट किये गये प्रसरण का प्रतिशत

**2.** प्रायोगिक और अर्द्ध-प्रायोगिक में अन्तर निम्नलिखित के आधार पर नहीं किया जा सकता है :

(A) स्वतन्त्र चर का कुशल प्रयोग
(B) प्रयोज्यों की प्रायोगिक स्थितियों में यादृच्छिक व्यवस्था
(C) कारणात्मक सम्बन्ध का अध्ययन करना
(D) सांख्यिकीय विश्लेषण प्रयुक्त करना

**3.** निम्नांकित में से कौन सा परीक्षण प्रतिदर्श के बड़े आकार की कल्पना करता है ?

(A) काई-स्क्वैयर परीक्षण
(B) काल्मोग्रोव-स्मिरनोव परीक्षण
(C) रन-परीक्षण
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**4.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) प्रयोग | 1. संरचित बनाम असंरचित |
| (b) साक्षात्कार | 2. सहभागी बनाम गैर-सहभागी |
| (c) प्रेक्षण | 3. एटिक बनाम एमिक |
| (d) प्रति-सांस्कृतिक अध्ययन | 4. सत्य बनाम अर्द्ध |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (B) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**5.** **अभिकथन (A)** : हम समस्त अनुभवों को स्मरण नहीं कर सकते हैं, क्योंकि वे संगठित नहीं होते हैं ।

**कारण (R)** : हम अनुभवों के प्रभावों को याद रख सकते हैं, क्योंकि वे संगठित होते हैं ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) का कारण है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**6.** नकारात्मक संवेगों का प्रत्यक्षण और अभिव्यक्ति से जुड़ा गोलार्द्ध

(A) दायाँ गोलार्द्ध
(B) बायाँ गोलार्द्ध
(C) दायाँ और बायाँ गोलार्द्ध
(D) तीव्रता के आधार पर बाया दायाँ गोलार्द्ध

**7.** अभिप्रेरणा का अंतर्वस्तु सिद्धान्त कौन सा है ?

(A) समता सिद्धान्त
(B) लक्ष्य निर्धारण सिद्धान्त
(C) आवश्यकता अधिक्रम सिद्धान्त
(D) कर्षण शक्ति-प्रत्याशा सिद्धान्त

**8.** Match List – I with List – II and indicate your answer by using the codes given below the list.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Expectancy theory | 1. Desire to achieve a particular goal. |
| (b) Equity theory | 2. Making choices based on perceived expectations. |
| (c) Goal-setting theory | 3. Motivation based on existence, relatedness and growth needs. |
| (d) ERG | 4. Motivation influenced by perception of how fairly one is treated. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**9.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Psychoanalytic approach | 1. Carl Rogers |
| (b) Instinct theory | 2. Maslow |
| (c) Growth and deficiency motivation | 3. Freud |
| (d) Humanistic approach | 4. McDougall |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**10.** Which of the following is <u>not</u> used for measuring intelligence ?
(A) Reaction time experiments
(B) Projective tests
(C) Psychometric tests
(D) Performance tests

**11.** Speed and Power tests cannot be distinguished on the basis of following :
(A) Time limit
(B) Length of test
(C) Difficulty level
(D) Verbal or non-verbal contents

**12.** A general relation perceiving capacity which represent one's potential intelligence, which is independent of socialization and education is
(A) Crystallized intelligence
(B) Fluid intelligence
(C) Abstract intelligence
(D) General intelligence factor

**13.** Which of the following researchers found psychometric evidence for Freud's concepts ?
(A) Eysenck
(B) Cattell
(C) Guilford
(D) None of these

**14.** Inferiority complex is associated with
(a) feeling of inadequacy
(b) powerlessness
(c) experiences of all children
(d) helplessness
(A) (a), (b) and (c)
(B) (b), (c) and (d)
(C) (a), (b) and (d)
(D) (c) and (d)

**15.** The part of the autonomic nervous system, when activated, is responsible for the body's 'fight or flight' sensation.
(A) Brain stem
(B) Limbic system
(C) Sympathetic nervous system
(D) Para-sympathetic nervous system

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**8.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) प्रत्याशा सिद्धान्त | 1. विशेष लक्ष्य को प्राप्त करने की इच्छा । |
| (b) समता सिद्धान्त | 2. प्रात्यक्षित प्रत्याशाओं के आधार पर विकल्प का चयन । |
| (c) लक्ष्य-निर्धारण सिद्धान्त | 3. अस्तित्व, सम्बद्धता और वृद्धि की आवश्यकताओं पर आधारित अभिप्रेरणा । |
| (d) ई. आर. जी. | 4. इसका प्रत्यक्षीकरण कि उसके साथ किस प्रकार का व्यवहार किया जाता है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 4 | 1 | 3 |
| (B) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (C) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (D) | 3 | 4 | 2 | 1 |

**9.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों से सही उत्तर का चयन करें :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) मनोविश्लेषिक उपागम | 1. कार्ल रॉजर्स |
| (b) सहजवृत्ति | 2. मास्लो |
| (c) संवृद्धि एवं कमी अभिप्रेरणा | 3. फ्रॉयड |
| (d) मानवतावादी उपागम | 4. मैकडूगल |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (C) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (D) | 2 | 3 | 1 | 4 |

**10.** बुद्धि को मापने के लिये निम्नांकित में से किसका उपयोग नहीं किया जाता है ?

(A) प्रतिक्रिया काल परीक्षण
(B) प्रक्षेपी परीक्षण
(C) मनोमितिक परीक्षण
(D) निष्पन्नता परीक्षण

**11.** गति और शक्ति में निम्नांकित के आधार पर भेद नहीं किया जा सकता है :

(A) समय सीमा
(B) परीक्षण की लम्बाई
(C) कठिनाई का स्तर
(D) वाचिक या गैर-वाचिक अंतर्वस्तु

**12.** सामान्य सम्बन्ध-प्रत्यक्षीकरण क्षमता जो व्यक्ति की संभाव्य बुद्धि निरूपित करती है, जो समाजीकरण और शिक्षा से स्वतन्त्र है, वो है :

(A) स्फटित बुद्धि
(B) तरल बुद्धि
(C) अमूर्त बुद्धि
(D) सामान्य बुद्धि कारक

**13.** फ्रॉयड की अवधारणाओं के लिये मनोमितिक प्रमाण निम्नांकित में से कौन से शोधकर्ता ने पाया ?

(A) आइज़ेंक
(B) कैटेल
(C) गिलफर्ड
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

**14.** हीन भावना ग्रंथि निम्नलिखित से सम्बन्धित है :

(a) अपर्याप्तता की भावना
(b) अशक्तता
(c) समस्त बच्चों के अनुभव
(d) असहायपन

(A) (a), (b) और (c)
(B) (b), (c) और (d)
(C) (a), (b) और (d)
(D) (c) और (d)

**15.** स्वचालित तन्त्रिका तन्त्र का अंश जब सक्रिय होता है, तो वह देह के 'युद्ध या पलायन' संवेदन के लिये जिम्मेदार होता है

(A) मस्तिष्क स्तंभ
(B) उपवल्कुटीय तंत्र
(C) अनुकंपी तंत्रिका तंत्र
(D) परा-अनुकंपी तंत्रिका तंत्र

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) McKellar | 1. Assimilation and accommodation. |
| (b) Freud | 2. Rational thinking. |
| (c) Piaget | 3. Pre-conscious, conscious and unconscious. |
| (d) Guilford | 4. Divergent thinking. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**17.** Creativity is measured on the dimension of

(A) originality (B) applicability
(C) flexibility (D) all of the above

**18.** Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Ability to think ahead. | 1. Syllogistic reasoning |
| (b) Inference drawn from one particular to another particular. | 2. Planning |
| (c) Evaluation of whether a conclusion follows on from two premises. | 3. Analogy |
| (d) Drawing conclusions from several observations. | 4. Inductive reasoning |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**19.** Psychoanalytic theory basically is concerned with

(a) analysis of unconscious motives.
(b) psycho-sexual development.
(c) structure of personality in terms of id, ego and superego.
(d) ego-identity.

(A) (b), (c) and (d)
(B) (a), (b) and (c)
(C) (b) and (c)
(D) (a), (c) and (d)

**20.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R).

**Assertion (A) :** Type A persons show anger, hostility, time urgency and depression.

**Reason (R) :** Type A persons are more prone to cardio-vascular diseases.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?

**Codes :**

(A) (A) is correct, but (R) is wrong.
(B) Both (A) and (R) are correct.
(C) (A) is wrong, but (R) is correct.
(D) Both (A) and (R) are wrong.

**21.** In verbal conditioning experiments the following variables are controlled

(a) Nature of verbal tasks
(b) Nature of reinforcement
(c) Meaningfulness of material
(d) Familiarity of material

(A) (a) and (b) are correct.
(B) (b) and (c) are correct.
(C) (c) and (d) are correct.
(D) (a) and (d) are correct.

**22.** Indicate the correct sequence of stages in creative thinking

(a) Incubation (b) Preparation
(c) Evaluation (d) Illumination

(A) (a), (c), (d), (b)
(B) (b), (a), (d), (c)
(C) (a), (b), (c), (d)
(D) (d), (a), (b), (c)

**23.** Match List – I with List – II.

| List – I (Obstacles in problem solving) | List – II (Names of Psychologists) |
|---|---|
| (a) Functional fixedness | 1. Duncker |
| (b) Mental set | 2. Luchins |
| (c) Analogies | 3. Glik & Holyoak |
| (d) Heuristics | 4. Newell & Simon |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

**16.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) मैककैलर | 1. आत्मसात्करण एवं समंजन |
| (b) फ्रॉयड | 2. संविवेक चिंतन |
| (c) पियाजे | 3. अग्र-चेतन, चेतन और अचेतन |
| (d) गिलफर्ड | 4. अपसारी चिंतन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 4 | 1 | 3 | 2 |

**17.** सृजनात्मकता को निम्नलिखित आयामों पर मापा जाता है :

(A) मौलिकता (B) प्रयुक्तता
(C) लचीलापन (D) उपर्युक्त सभी

**18.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) पहले से ही अनुमान लगाने की योग्यता | 1. अवयव तर्कणा |
| (b) एक विशेष से दूसरे विशेष का अनुमान लगाना | 2. नियोजन |
| (c) इस बात का मूल्यांकन कि क्या दो आधार-वाक्यों से निष्कर्ष निकलता है | 3. सादृश्य |
| (d) बहुत से प्रेक्षणों से निष्कर्ष निकालना | 4. आगमनात्मक तर्कणा |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (D) | 3 | 1 | 2 | 4 |

**19.** मनोवैश्लेषिक सिद्धान्त मूलभूत रूप से निम्नलिखित के साथ सम्बन्धित है :

(a) अचेतन प्रेरण का विश्लेषण
(b) मनो-जननेन्द्रिय विषयक विकास
(c) इद्‌म, इगो और सुपरइगो के सम्बन्ध में व्यक्तित्व का ढाँचा
(d) स्व: पहचान
(A) (b), (c) और (d)
(B) (a), (b) और (c)
(C) (b) और (c)
(D) (a), (c) और (d)

**20.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A) :** टाइप A व्यक्ति क्रोध, शत्रुता, समय का आग्रह और अवसाद दर्शाते हैं ।

**कारण (R) :** टाइप A व्यक्ति हृदय-संवहनी रोगों के प्रति ज्यादा प्रवण होते हैं ।

उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नांकित में से कौन सा सही है ?

**कूट :**

(A) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं ।
(C) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।
(D) (A) और (R) दोनों गलत हैं ।

**21.** निम्नलिखित चर मौखिक अनुबंधन प्रयोगों में नियंत्रित किये जाते हैं :

(a) मौखिक कार्य का स्वरूप
(b) पुनर्बलन का स्वरूप
(c) सामग्री की अर्थपूर्णता
(d) सामग्री से सुपरिचितता
(A) (a) और (b) सही हैं ।
(B) (b) और (c) सही हैं ।
(C) (c) और (d) सही हैं ।
(D) (a) और (d) सही हैं ।

**22.** सृजनात्मक चिंतन की अवस्थाओं का सही अनुक्रम बताइये :

(a) इन्क्युबेशन (संचयन) (b) तैयारी
(c) मूल्यांकन (d) प्रकाशन
(A) (a), (c), (d), (b)
(B) (b), (a), (d), (c)
(C) (a), (b), (c), (d)
(D) (d), (a), (b), (c)

**23.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I (समस्या हल करने में रुकावटें)** | **सूची – II (मनोवैज्ञानिकों के नाम)** |
|---|---|
| (a) प्रकार्यात्मक स्थायित्व | 1. डंकर |
| (b) मानसिक विन्यास | 2. ल्युचिन्स |
| (c) सादृश्य | 3. ग्लिक एवं हॉलिऑक |
| (d) अन्वेषणात्मक | 4. न्युवैल एवं साइमन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (B) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (C) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** With the help of classical conditioning emotional responses
(A) are learned best
(B) are equal to other responses
(C) are learned very slowly
(D) are learned only when US (Unconditioned Stimulus) is powerful

**25.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R).
**Assertion (A) :** Humans are motivated by needs beyond basic biological survival.
**Reason (R) :** Individuals strive to achieve self improvement.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**26.** According to Witkin the 'field-independent subjects are
(A) More analytical
(B) More influenced by the frame
(C) More conforming
(D) Sensitive to context

**27.** Match List – I with List – II with most appropriate combinations.

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Internal-consistency reliability. | 1. Product moment correlation |
| (b) Split-half reliability. | 2. Spearman-Brown prophecy formula |
| (c) Relationship between reliability and length of test. | 3. Rulona-formula |
| (d) Test-retest reliability | 4. Kudor-Richardson formula |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**28.** Which of the following is not a criterion based validity ?
(A) Concurrent validity
(B) Face validity
(C) Factorial validity
(D) Predictive validity

**29.** While constructing a test on Anxiety, Item Discrimination means
(A) Persons high and low on Anxiety will score differently on that item.
(B) The scores of two individuals will be different on that item irrespective of their being high or low on Anxiety.
(C) The scores of two persons who are high and low on Anxiety will have same score on that item.
(D) Person high on Anxiety will score higher on that item and nothing can be said about the person low on Anxiety.

**30.** **Assertion (A) :** Culture fair intelligence test measures fluid intelligence.
**Reason (R) :** Fluid intelligence is biologically determined.
**Codes :**
(A) (A) is true, but (R) is false.
(B) (A) is false, but (R) is true.
(C) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.
(D) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

**31.** **Assertion (A) :** Personality traits measured by 16 PF are source traits.
**Reason (R) :** Cattell used oblique rotation to identify personality traits.
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.
(B) (A) is true, but (R) is false.
(C) (A) is false, but (R) is true.
(D) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.

Prepp
Your Personal Exams Guide

**24.** क्लासीकीय अनुबंधन की मदद से सांवेगिक अनुक्रियाएँ
(A) सबसे अच्छा सीखते हैं ।
(B) दूसरी अनुक्रियाओं के समान होते हैं ।
(C) बहुत धीरे से सीखते हैं ।
(D) जब अनानुबंधित उद्दीपन शक्तिमान हो तभी सीखते हैं ।

**25.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक का नाम अभिकथन (A) और दूसरे का (R) है :
**अभिकथन (A)** : मानव मूलभूत जैविक उत्तरजीविता के परे आवश्यकताओं द्वारा अभिप्रेरित होते हैं ।
**कारण (R)** : व्यक्ति स्व-उत्कृष्टता के लिये प्रयत्न करते हैं ।
उपर्युक्त दो कथनों के संदर्भ में, निम्नांकित में से कौन सा सही है ?
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R) सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**26.** विटकिन के अनुसार, क्षेत्रीय-स्वतन्त्र प्रयोज्य निम्नलिखित होते हैं :
(A) ज्यादा विश्लेषणात्मक
(B) पृष्ठभूमि द्वारा ज्यादा प्रभावित
(C) ज्यादा अनुरूप बनना
(D) संदर्भ के प्रति ज्यादा संवेदनशील

**27.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें और नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) आंतरिक सघनता विश्वसनीयता | 1. उत्पाद-गीत सह-सम्बन्ध |
| (b) विभक्त-अर्द्ध विश्वसनीयता | 2. स्पीयरमैन – ब्राउन भविष्यवाणी सूत्र |
| (c) विश्वसनीयता और परीक्षण की लम्बाई के बीच सम्बन्ध | 3. रुलोना सूत्र |
| (d) परीक्षण-पुन:परीक्षण विश्वसनीयता | 4. कूडर – रिचर्डसन सूत्र |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (B) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (C) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**28.** कसौटी आधारित वैधता निम्नांकित में से कौन सी नहीं है ?
(A) समवर्ती वैधता
(B) आभासी वैधता
(C) कारक वैधता
(D) भविष्यसूचक वैधता

**29.** चिन्ता पर परीक्षण निर्मित करते समय, पद में भेद का अर्थ है
(A) चिंता पर उच्च और निम्न व्यक्ति के उस पद पर भिन्न प्राप्तांक होंगे ।
(B) चिंता पर उच्च या निम्न होने पर ध्यान दिये बिना दो व्यक्तियों के स्कोर भिन्न होंगे ।
(C) चिंता पर उच्च एवं निम्न दो व्यक्तियों के स्कोर उस पद पर स्कोर के समान होंगे ।
(D) चिंता पर उच्च व्यक्ति का उस पद पर स्कोर उच्च होगा और जो व्यक्ति चिंता पर निम्न है उसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है ।

**30.** **अभिकथन (A)** : संस्कृति मुक्त बुद्धि परीक्षण तरल बुद्धि का माप करता है ।
**कारण (R)** : तरल बुद्धि जैविक रूप से निर्धारित होती है ।
**कूट :**
(A) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(B) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

**31.** **अभिकथन (A)** : 16 PF द्वारा मापे गये व्यक्तित्व शील गुण स्रोत शील गुण होते हैं ।
**कारण (R)** : कैटल ने व्यक्तित्व शीलगुणों की पहचान करने के लिये त्रिर्यक घूर्णन का उपयोग किया ।
**कूट :**
(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

www.prepp.in

32. When number of independent variables in an experiment are increased, what will be the changes in the treatment and error components of total variance ?
   (A) Error component will decrease and treatment component will increase.
   (B) Error component will decrease and there will be no effect on treatment component.
   (C) Error component will increase and treatment component will increase.
   (D) Error component will increase and there will be no effect on treatment component.

33. Match the following :

| | List – I | List – II |
|---|---|---|
| (a) | Marbe | 1. Inter-item association |
| (b) | Delse | 2. Frequency effect in free recall |
| (c) | Zeller | 3. Effect of failure on memory |
| (d) | Zeigarnik | 4. Recall of interrupted task |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

34. If meaningfulness is taken on X axis and percentage of correct responses on Y axis, the curve will be
   (A) negatively accelerated
   (B) positively accelerated
   (C) inverted U type
   (D) S type

35. If a subject is supposed to learn a list and relearn it in reverse order,
   (a) Recall method leads to positive transfer.
   (b) Anticipation method leads to no transfer.
   (c) Recall method leads to negative transfer.
   (d) Anticipation method leads to negative transfer.
   (A) (a) & (b) are correct.
   (B) (a) & (d) are correct.
   (C) (c) & (d) are correct.
   (D) (b) & (c) are correct.

36. Capacity of sensory memory is
   (A) always less than short term & long term memory.
   (B) less than long term memory, but more than short term memory.
   (C) equal to short term memory, but less than long term memory.
   (D) more or less than short term memory depending on nature of the stimulus.

37. Perception of figure & ground depends on
   (a) size of two areas
   (b) completeness of two areas
   (c) brightness of two areas
   (d) exposure time
   (A) (a), (b) & (d)
   (B) (b), (c) & (d)
   (C) (a), (b), & (c)
   (D) (b) only

38. Phi phenomenon is seen best between
   (A) 50 to 250 milli second
   (B) 110 to 320 milli second
   (C) 30 to 200 milli second
   (D) 215 to 375 milli second

Prepp
Your Personal Exams Guide

**32.** जब किसी प्रयोग में स्वतन्त्र चरों की संख्या बढ़ जाती है, तो कुल प्रसरण के उपचार एवं त्रुटि घटकों में क्या परिवर्तन होगा ?

(A) त्रुटि घटक कम हो जाएँगे और उपचार घटक बढ़ जाएँगे ।

(B) त्रुटि घटक कम हो जाएंगे और उपचार घटकों पर कोई प्रभाव नहीं होगा ।

(C) त्रुटि घटक बढ़ जाएंगे और उपचार घटक भी बढ़ जाएँगे ।

(D) त्रुटि घटक बढ़ जाएँगे और उपचार घटकों पर कोई असर नहीं पड़ेगा ।

**33.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) मार्बे | 1. अंत:पद साहचर्य |
| (b) डेलसे | 2. स्वतन्त्र प्रत्याह्वान में आवृत्ति प्रभाव |
| (c) ज़ेलर | 3. स्मृति पर असफलता का प्रभाव |
| (d) ज़ायगार्निक | 4. बीच में व्यवधान से अधूरे कार्य का प्रत्याह्वान |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**34.** यदि अर्थपूर्णता को X अक्ष पर लिया है और सही अनुक्रियाओं के प्रतिशत को Y अक्ष पर लिया जाता है, तो वक्र निम्नलिखित होगा :

(A) नकारात्मक रूप से त्वरित

(B) सकारात्मक रूप से त्वरित

(C) उल्टा U प्रकार का

(D) S प्रकार का

**35.** यदि प्रयोज्य की सूची को स्मरण करना है और उसे उल्टे क्रम में पुन: स्मरण करना है, तो

(a) प्रत्याह्वान विधि सकारात्मक अंतरण की ओर अग्रसर करती है ।

(b) पूर्वानुमान विधि किसी अंतरण की ओर अग्रसर नहीं करती ।

(c) प्रत्याह्वान विधि नकारात्मक अंतरण की ओर अग्रसर करती है ।

(d) पूर्वानुमान विधि नकारात्मक अंतरण की ओर प्रवृत्त करती हैं ।

(A) (a) और (b) सही हैं ।

(B) (a) और (d) सही हैं ।

(C) (c) और (d) सही हैं ।

(D) (b) और (c) सही हैं ।

**36.** संवेदी स्मृति की क्षमता निम्नलिखित है :

(A) अल्पकालिक और दीर्घकालिक स्मृति से हमेशा कम ।

(B) दीर्घकालिक स्मृति से कम परन्तु अल्पकालिक स्मृति से ज्यादा ।

(C) अल्पकालिक स्मृति के बराबर परन्तु दीर्घकालिक स्मृति से कम ।

(D) उद्दीपक की प्रकृति के आधार पर अल्पकालिक स्मृति से ज्यादा या कम ।

**37.** पार्श्व और आकृति का प्रत्यक्षण निम्नलिखित पर निर्भर करता है :

(a) दो क्षेत्रों का आकार

(b) दो क्षेत्रों की पूर्णता

(c) दो क्षेत्रों की चमक

(d) प्रस्तुति समय

(A) (a), (b) और (d)

(B) (b), (c) और (d)

(C) (a), (b) और (c)

(D) केवल (b)

**38.** फाइ परिदृश्य निम्नलिखित के बीच सर्वोत्तम दिखाई पड़ता है :

(A) 50 से 250 मिलि सेकेण्ड

(B) 110 से 320 मिलि सेकेण्ड

(C) 30 से 200 मिलि सेकेण्ड

(D) 215 से 375 मिलि सेकेण्ड

www.prepp.in

prepp
Your Personal Exams Guide

**39.** Broadbent's model suggests that early selection of items to be attended is done on the basis of
(A) Physical characteristics
(B) Semantic characteristics
(C) Interest
(D) Need

**40.** Match the items of List – I with List – II.

| **List – I (Researcher)** | **List – II (Field of Research)** |
|---|---|
| (a) Hebb | 1. Transcational functionalism |
| (b) Adler | 2. Adaptation level |
| (c) Ames | 3. Goal perception |
| (d) Koffka | 4. Cell assembly |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**41.** Ponzo illusion increases with
(a) age
(b) learning
(c) size of the stimulus
(d) brightness of the stimulus
(A) (a) & (b) (B) (c) & (d)
(C) (b) & (d) (D) (c) & (b)

**42.** Match List – I and List – II.

| **List – I (Brain Physiology)** | **List – II (Role in motivation)** |
|---|---|
| (a) Medial forebrain bundle | 1. General arousal |
| (b) Hypothalamus | 2. Cognitive side of motivation |
| (c) Reticular activating system | 3. Aggression and sex |
| (d) Cerebral cortex | 4. Pleasure area |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**43.** **Assertion (A) :** In case of blind Braille readers, increase in sensory cortex surface area devoted to right forefinger is seen.

**Reason (R) :** Brain is very flexible and adjust the location of function if environment demands it.

**Codes :**
(A) Assertion and Reason both are true and Reason is the explanation of Assertion.
(B) Assertion and Reason both are true, but Reason is not the explanation of Assertion.
(C) Assertion is true and Reason is false.
(D) Assertion is false, but Reason is true.

**44.** Hypothalamus plays an important role in
(a) motivation
(b) homeostasis
(c) emotional arousal
(d) memory
(A) (a), (b) and (d)
(B) (b), (c) and (d)
(C) (a), (b) and (c)
(D) (b) and (d) only

**45.** When physiological changes are treated as independent variable in learning experiment ?
(A) A drug is injected to the subject before learning.
(B) A drug is injected to the subject after learning.
(C) Physiological changes resulting from learning are recorded.
(D) Physiological changes correlated with forgetting are recorded.

**39.** ब्रोडबेंट का मॉडल बताता है कि जिन पदों पर ध्यान दिया जाना है उनका प्रारम्भिक चयन निम्नलिखित के आधार पर होता है :

(A) शारीरिक विशेषताएँ
(B) शब्दार्थ विशेषताएँ
(C) रुचि
(D) आवश्यकता

**40.** सूची – I को सूची – II के साथ मिलान करें :

| **सूची – I (शोधकर्ता)** | **सूची – II (शोध का क्षेत्र)** |
|---|---|
| (a) हेब | 1. संव्यवहार प्रकार्यवाद |
| (b) एडलर | 2. अनुकूलन स्तर |
| (c) एम्स | 3. लक्ष्य प्रत्यक्षण |
| (d) कॉफ्का | 4. कोशिका संगठन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (B) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**41.** पॉन्ज़-भ्रम निम्नलिखित के साथ बढ़ता है :

(a) आयु
(b) अधिगम
(c) उद्दीपन का आकार
(d) उद्दीपन की चमक

(A) (a) और (b) (B) (c) और (d)
(C) (b) और (d) (D) (c) और (b)

**42.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I (मस्तिष्क फिज़ियोलॉजी)** | **सूची – II (अभिप्रेरणा में भूमिका)** |
|---|---|
| (a) चिकित्सीय अग्रमस्तिष्क समूह | 1. सामान्य भावप्रबोधन |
| (b) अधश्चेतक (हाइपोथैलेमस) | 2. अभिप्रेरणा का संज्ञानात्मक पहलु |
| (c) जालाकार सक्रियण तन्त्र | 3. आक्रमण (लड़ाई) और यौन वृत्ति |
| (d) प्रमस्तिष्कीय वल्कुट (बाहरी त्वचा) | 4. मनोरंजन क्षेत्र |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (B) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (C) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (D) | 1 | 4 | 2 | 3 |

**43.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, नीचे दिये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A)** : अंध ब्रेल पाठकों के मामले में, संवेदी वल्कुट सतह क्षेत्र जिसका सम्बन्ध दायीं तर्जनी से है, दिखाई देता है ।

**कारण (R)** : मस्तिष्क बहुत लचकदार होता है और वातावरण की माँग या जरूरत के अनुसार कार्य के स्थान-निर्धारण के साथ सामंजस्य करता है ।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।
(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

**44.** हाइपोथैलेमस (अधश्चेतक) निम्नलिखित में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है :

(a) अभिप्रेरणा
(b) समावस्थान
(c) संवेगात्मक भावप्रबोधन
(d) स्मृति

(A) (a), (b) और (d)
(B) (b), (c) और (d)
(C) (a), (b) और (c)
(D) सिर्फ (b) और (d)

**45.** जब अधिगम सम्बन्धी प्रयोग में शारीरिक रचना सम्बन्धी परिवर्तनों को स्वतन्त्र चरों के रूप में लिया जाता है, तो

(A) अधिगम से पूर्व प्रयोज्य को औषध का इन्जेक्शन दिया जाता है ।
(B) अधिगम के पश्चात् प्रयोज्य को औषध का इन्जेक्शन दिया जाता है ।
(C) अधिगम से आए शारीरिक परिवर्तनों को लिपिबद्ध किया जाता है ।
(D) विस्मरण के साथ सहसम्बन्धित दैहिक परिवर्तनों को लिपिबद्ध किया जाता है ।

**46.** **Assertion (A) :** In some researches it was found that immediate serial recall of verbal items varying in meaning was facilitated with visual input for Chinese subjects but auditory for American subjects.

**Reason (R) :** Possibility of visual versus auditory confusion varies according to nature of a particular language.

**Codes :**

(A) Assertion and Reason both are true and Reason is the correct explanation of Assertion.
(B) Assertion and Reason both are true, but Reason is not the correct explanation of Assertion.
(C) Assertion is true, but Reason is false.
(D) Assertion and Reason both are false.

**47.** **Assertion (A) :** Most functions of brain are contra laterally controlled, i.e. information of one side of body is received by hemisphere on opposite side of brain.

**Reason (R) :** Many functions are duplicated in both hemispheres, though there are differences in function.

**Codes :**

(A) Assertion is true and Reason is true and Reason is the correct explanation of Assertion.
(B) Assertion is true and Reason is also true, but Reason is not the correct explanation of Assertion.
(C) Assertion is true, but Reason is false.
(D) Assertion is false, but Reason is true.

**48.** Once Pavlov was called to his student's laboratory to watch classical conditioning with dog. However, the dog did not salivate irrespective of appropriate procedures. The reason was

(A) induction effect
(B) external inhibition
(C) inhibition of inhibition
(D) internal inhibition

**49.** Match List – I with List – II.

| **List – I** | **List – II** |
|---|---|
| (a) Trace conditioning | 1. When CS and US occurs together. |
| (b) Delayed conditioning | 2. CS appears first, it disappears then US appears. |
| (c) Simultaneous conditioning | 3. CS appears first but also present when the US appears. |
| (d) Backward conditioning | 4. When US is presented first and after the disappearance of US, CS is presented. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**50.** According to conceptual peg hypothesis, recall of paired associates depend upon the type of concept. There, highest to lowest order of recall is

(A) concrete-concrete, abstract-concrete, concrete-abstract, abstract-abstract.
(B) concrete-concrete, concrete-abstract, abstract-concrete, abstract-abstract.
(C) concrete-abstract, concrete-concrete, abstract-concrete, abstract-abstract.
(D) concrete-concrete, abstract-abstract, abstract-concrete, concrete-abstract.

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** **अभिकथन (A) :** कुछ शोधकार्यों में यह पाया गया कि भिन्न-भिन्न अर्थों के वाचिक पदों का तुरन्त क्रमिक पुन:स्मरण चीनी प्रयोज्यों के लिये दृष्टि आगत से परन्तु अमेरिकन प्रयोज्यों के लिये श्रवण आगत से सुलभ बन गया था ।

**कारण (R) :** दृष्टि बनाम श्रवण संभ्रम की संभाव्यता विशेष भाषा की प्रकृति के अनुसार भिन्न-भिन्न होती है ।

**कूट :**

(A) अभिकथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण अभिकथन की सही व्याख्या करता है ।

(B) अभिकथन एवं कारण दोनों सही हैं, परन्तु कारण अभिकथन की सही व्याख्या नहीं करता ।

(C) अभिकथन सही है, पर कारण गलत है ।

(D) अभिकथन एवं कारण दोनों गलत हैं ।

**47.** **अभिकथन (A) :** मस्तिष्क के अधिकांश प्रकार्य प्रतिपक्षीय रूप से नियन्त्रित होते हैं, यानि कि शरीर के एक भाग की सूचना मस्तिष्क के उल्टी तरफ गोलार्द्ध द्वारा पहुँचती है ।

**कारण (R) :** बहुत से कार्यों की दोनों गोलार्द्धों में प्रतिलिपियाँ बन जाती हैं यद्यपि कार्य में भिन्नताएँ होती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है और (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है और (R) सत्य है ।

**48.** एक बार पावलोव को, उसके विद्यार्थी की प्रयोगशाला में कुत्ते के साथ क्लासीकीय अनुबंधन देखने के लिये बुलाया गया; परन्तु समस्त उपयुक्त कार्यविधियों के होते हुए भी उसने लार नहीं टपकाया । इसका कारण निम्नलिखित है :

(A) आगमन प्रभाव

(B) बाह्य अवरोध

(C) अवरोध का अवरोध

(D) आंतरिक अवरोध

**49.** सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| (a) अवशेष अनुबंधन | 1. जब CS और US इकट्ठे आते हैं । |
| (b) विलम्बित अनुबंधन | 2. पहले CS प्रकट होता है, वो गायब हो जाता है, फिर US प्रकट होता है । |
| (c) सहकालिक अनुबंधन | 3. CS पहले प्रगट होता है, परन्तु जब US प्रगट होता है, तो वो विद्यमान होता है । |
| (d) पूर्वगामी अनुबंधन | 4. जब US पहले प्रकट होता है और US के गायब होने के बाद CS प्रकट होता है । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (B) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**50.** प्रत्ययात्मक वेग प्राक्कल्पना के अनुसार, युग्मित साहचरों का स्मरण अवधारणा के प्रकार पर निर्भर करता है । वहाँ, स्मरण का उच्चतम से निम्नतम क्रम निम्नलिखित है :

(A) मूर्त-मूर्त, अमूर्त-मूर्त, मूर्त-अमूर्त, अमूर्त-अमूर्त

(B) मूर्त-मूर्त, मूर्त-अमूर्त, अमूर्त-मूर्त, अमूर्त-अमूर्त ।

(C) मूर्त-अमूर्त, मूर्त-मूर्त, अमूर्त-मूर्त, अमूर्त-अमूर्त ।

(D) मूर्त-मूर्त, अमूर्त-अमूर्त, अमूर्त-मूर्त मूर्त-अमूर्त ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Space For Rough Work**

Prepp Your Personal Exam Guide